बिहार सरकार
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग
: कर्यालय आदेश :

का0आ0सं0 :–वि0प्रा0 (।) वि0–06/2017 3236 /पटना,दिनांक :– 19.9.2019

विभागान्तर्गत राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों में प्राचार्य के पद पर नियुक्ति हेतु बिहार लोक सेवा आयोग के द्वारा अनुशंसा के पश्चात् प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक, छपरा के पद पर डॉ0 अनिल कुमार सिंह के पदस्थापन एवं प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक, वैशाली के पद पर डॉ0 ठाकुर संजय कुमार के योगदान देने के पश्चात् क्रमश लोकनायक जयप्रकाश प्रौघोगिक संस्थान, छपरा, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, सिवान, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, गोपालगंज, राजकीय महाविद्यालय, सहरसा, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, कैमूर एवं शेरशाह अभियंत्रण महाविद्यालय, सासाराम के प्राचार्य का पद रिक्त हो गया है। डॉ0 फखरूद्दीन अंसारी, तत्कालीन प्राचार्य, भागलपुर अभियंत्रण महाविद्यालय अतिरिक्त प्रभार प्राचार्य, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, मुंगेर एवं राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, लखीसराय के विरमित हो जाने के फलस्वरूप राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, मुंगेर एवं राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, लखीसराय के प्राचार्य का पद रिक्त हो गया है।

कई प्रयासोपरान्त अब तक विधिवत् पदस्थापन कतिपय कारणों से नहीं हो पाया है और रिक्त पदो पर पदस्थापन न होने के कारण संस्थान का वित्तीय कार्य एवं वेतन निकासी बाधित हो गया है तथा शैक्षणिक कार्यों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अतः रिक्त प्राचार्य के पदों पर विधिवत पदस्थापन होने तक कार्याहित में पूर्णतः कार्यकारी व्यवस्था के तहत निम्नांकित प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य को संस्थानों में पठन–पाठन तथा संस्थानों के समुचित संचालन हेतु विधिवत पदस्थापन होने तक अपने कार्यों के अतिरिक्त स्तम्भ–3 में उल्लिखित संस्थान के प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य का प्रभार दिया जाता है:–

क्र0	नाम/पदनाम	अतिरिक्त प्रभार एवं पद का नाम
1	2	3
1.	डा0 कुमार सुरेन्द्र, प्राचार्य बख्तियारपुर अभियंत्रण महाविद्यालय, बख्तियारपुर	प्राचार्य लोक नायक जय प्रकाश प्रौद्योगिकी संस्थान, छपरा राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, कैमूर सीवान एवं गोपालगंज

2.	डा0 निर्मल कुमार, प्राचार्य गया अभियंत्रण महाविद्यालय, गया	प्राचार्य शेरशाह अभियंत्रण महाविद्यालय, सासाराम
3.	श्री विमल कुमार, प्रभारी प्राचार्य, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, जमुई	प्रभारी प्राचार्य, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, लखीसराय एवं मुंगेर
4.	डा0 अमरेश कुमार राय, प्रभारी प्राचार्य राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर अभियंत्रण महाविद्यालय, बेगुसराय	प्रभारी प्राचार्य राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, सहरसा

1. उक्त सभी पदस्थापित प्राचार्यों को अपने नवपदस्थापित संस्थानों के वित्तीय संचालन हेतु बिहार कोषागार संहिता, 2011 के नियम 84 के तहत वित्तीय शक्ति प्रदान की जाती है।

2. सभी संबंधित प्राचार्य दो दिनों में कार्यभार ग्रहण करना सुनिश्चित करे।

18-9-19

(गजेन्द्र कुमार मिश्र)
संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक :– वि0प्रा0 (i) वि0–06/2017 3236 /पटना,दिनांक :– 19.9.2019

प्रतिलिपि :– महालेखारकार, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18.9.19

(गजेन्द्र कुमार मिश्र)
संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक :– वि0प्रा0 (i) वि0–06/2017 3236 /पटना,दिनांक :– 19.9.2019

प्रतिलिपि :– डॉ0 कुमार सुरेन्द्र, प्राचार्य, बख्तियारपुर अभियंत्रण महाविद्यालय, पटना/ डॉ0 निर्मल कुमार, प्राचार्य, गया अभियंत्रण महाविद्यालय, गया/ श्री अनिल कुमार सिंह, प्रभारी प्राचार्य, लोकनायक जयप्रकाश प्रोद्यौगिक संस्थान, छपरा/ श्री विमल कुमार, प्रभारी प्राचार्य, जमुई अभियंत्रण महाविद्यालय, जमुई/ डॉ0 अमरेश कुमार राय, प्रभारी प्राचार्य, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर अभियंत्रण महाविद्यालय, बेगूसराय/श्री रमन कुमार, सहायक प्राध्यापक, विद्युत, शेरशाह अभियंत्रण महाविद्यालय, सासाराम/संबंधित कोषागार पदाधिकारी/प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक/आई0टी0 मैनेजर, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18.9.19

(गजेन्द्र कुमार मिश्र)
संयुक्त सचिव।